MR. CHAIRMAN : Now, the House would take up Matters under Rule 377. Shri Virendra Kumar.

Title: Need to lay rail line on Chhatarpur-Sagar-Devari-Kareli-Nagpur route in Madhra Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सागर को छतरपुर, सागर, करेली, नागपुर इस मार्ग से रेल यातायात द्वारा जोड़े जाने की मांग लम्बे समय से की जा रही है। ललितपुर से सिंगरौली रेल लाइन को स्वीकृति मिल चुकी है। सागर संभाग विकास की दृटि से काफी पिछड़ा हुआ है। उसका प्रमुख कारण रेल मार्ग की भी कमी है तथा सागर से निकलने वाली रेलें भी अधिकांशतया सप्ताह में तीन दिन या दो दिन वाली है। सागर को जंक्शन बनाकर छतरपुर शाहगढ़ मकरोनिया सुरखी देवरी करेली इस मार्ग पर रेल लाइन का विस्तार होने से इस क्षेत्र में प्राप्त होने वाले खनिजों के आधार पर उद्योगों की स्थापना को बल मिलेगा, जिससे सागर संभाग आर्थिक विकास की दौड़ में आगे बढ़ सकेगा तथा सागर से नागपुर की दूरी भी कम हो जायेगी और छतरपुर से सागर के बीच के रेल यात्रियों का किराया भी कम लगेगा।

अत: मेरा केन्द्र सरकार के माध्यम से रेल मंत्रालय से अनुरोध है कि छतरपुर सागर देवरी करेली नागपुर इस मार्ग पर शीघ्र ही रेल लाइन बिछवाने का सहयोग करें। धन्यवाद।